# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



# पीवी 74 के जंगल में लगी भीषण आग, वन संपदा और वन्यजीवों पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

खास खबर

जिले के अंतिम छोर स्थित कापसी वन परिक्षेत्र के पीव्ही 74 के जंगल में भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आग लगातार फैलती जा रही है, जिससे जंगल की बहुमूल्य वन संपदा के साथ-साथ वन्यप्राणियों के जीवन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आग कई घंटों से धधक रही है, लेकिन वन विभाग की ओर से इसे बुझाने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार कापसी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीव्ही 74 के जंगल में अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते जंगल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग के कारण जंगल में मौजूद पेड़-पौधे और सूखी झाड़ियां तेजी से जल रही हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में लगी आग काफी समय से धधक रही है और हवा के कारण यह धीरे-धीरे आसपास के क्षेत्रों में भी फैलती जा रही है। आग के चलते जंगल में रहने वाले वन्यजीवों के सामने भी संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई छोटे जीव-जंतु और पक्षियों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है, जबकि बड़े वन्यजीव भी अपने प्राकृतिक आवास से पलायन करने को मजबूर हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो यह और बड़े क्षेत्र में फैल सकती है, जिससे जंगल को भारी क्षति पहुंच सकती है।

### अधिकारी नहीं है गंभीर

इस संबंध में जब कापसी वन परिक्षेत्र के रेंजर तारम से फोन के माध्यम से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। ऐसे में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

**आग के कारण जंगल में मौजूद पेड़-पौधे और सूखी झाड़ियां तेजी से जल रही हैं**



## खबर संक्षेप

### वीडियो वायरल करने की धमकी, महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बर्थडे पार्टी में आए युवक व उसकी महिला मित्र को रूम देकर महिला ने अश्लील वीडियो बना लिया, फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख रुपए मांग करने लगी। इस मामले में फरार महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 1 फरवरी को पचपेड़ी केंवतरा आवासपारा निवासी नोहर कुमार सूर्यवंशी पिता हरीराम सूर्यवंशी अपनी महिला मित्र के साथ धुर्वाकारी निवासी रोशनी खुंटे के बेटे के बथर्ड पार्टी में उनके घर गए थे। रोशनी खुंटे ने अपने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर भेज दिया। उसके बाद वह नोहर कुमार को उसकी महिला मित्र के साथ संबंध बना लो कहकर अपने बेडरूम में ले गई। भरोसा करके नोहर कुमार ने अपने महिला मित्र के साथ संबंध बनाया। बाद में महिला ने उसकी व महिला मित्र का अश्लील वीडियो बनाकर उसका स्क्रीन शाट भेजा, फिर पूरा वीडियो बना लेने की बात कहते हुए 1 लाख रुपए की मांग की, रुपए नहीं देने पर वीडियो वायरल कर देने की धमकी भी दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रोशनी खुंटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने फरार आरोपी राशेनी खुंटे पति करन खुंटे 28 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### समर्पित नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर जंगल में सर्च ऑपरेशन तेज

# कांकेर के अंदरूनी इलाकों में छिपे नक्सली डंप की तलाश में जुटे पुलिस और सुरक्षा बल के जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**कप्तान ने कहा यह अभियान का हिस्सा, बचे नक्सलियों से समर्पण करने किया अपील**

समर्पित नक्सलियों से मिले अहम इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों ने कांकेर जिले के घने जंगलों में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के डंप की तलाश की खबरें आ रही है। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने जंगलों में हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का बड़ा जखीरा छिपाकर रखा है, जिसे बरामद करने के लिए पुलिस और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों की सक्रियता एक बार फिर तेज हो गई है। हाल ही में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जिले के अंदरूनी और दुर्गम जंगलों में सर्च अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों द्वारा जंगलों में छिपाकर रखे गए डंप को खोजकर नष्ट करना है। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार समर्पित नक्सलियों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि नक्सल संगठन अपने ऑपरेशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जंगलों में कई जगहों पर हथियार, विस्फोटक सामग्री, वायरलेस सेट, दवाइयां, राशन और अन्य जरूरी सामान छिपाकर रखते हैं। इन डंप का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर नक्सली करते हैं।



### डंप की खोजबीन जारी, समर्पण करने किया अपील

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि कई प्रकार के अभियान चल रहे है। नक्सलियों के डंप की खोजबीन भी जारी है। हमारी उन नक्सलियों से अपील भी है कि जंगल छोड़कर सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ उठा लें, क्योंकि नक्सल के सभी बड़े कैडर समर्पण कर चुके है। ऐसे में जंगल में छिपने की जरूरत नहीं है, सीधे मेरे जारी किए गए वाटसएप नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### हर ठिकाने को ध्वस्त करना ही उद्देश्य

कांकेर जिले में चल रहा यह सर्च ऑपरेशन आने वाले दिनों में और तेज किया जा सकता है। सुरक्षा बलों का उद्धेश्य नक्सलियों के हर ठिकाने को ध्वस्त करना और इलाके में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम करना है। वहीं, समर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ने से पुलिस को संगठन की अंदरूनी गतिविधियों की जानकारी भी मिल रही है, जो नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### डंप बरामद होने की संभावना

सुरक्षा बलों को उम्मीद है कि इस अभियान के दौरान नक्सलियों के डंप बरामद होने की संभावना है। इससे आमजनता को भी रिलीफ मिलेगी। अंदरूनी ईलाके के ग्रामीण इसी डर के चलते अंदरूनी जंगल नहीं जा पाते है।

# अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट से झटका एफआईआर पर रोक की मांग खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

■ पूर्व आईएएस को हाई कोर्ट जाने की सलाह

छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। नए मामले में एफआईआर पर रोक की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट के डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस को हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है।

छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ के शराब घोटाले में जांच का सामना कर रहे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शराब घोटाले सहित अन्य मामलों में जांच का सामना कर रहे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ भविष्य में किसी भी नए मामले में एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व आईएएस टूटेजा की याचिका पर सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसी भी जांच एजेंसी को जांच के लिए पहले से रोक लगाने का आदेश नहीं दे सकते। डिवीजन बेंच ने कहा, यदि किसी व्यक्ति की भूमिका किसी मामले में सामने आती है संबंधित जांच एजेंसियों को जांच और कानूनी कार्रवाई का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोर्ट यह निर्देश नहीं दे सकता, भविष्य में किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई नया केस दर्ज ही न हो। यह जांच एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। डिवीजन बेंच ने यह भी कहा, यदि याचिकाकर्ता को किसी मामले में गिरफ्तारी की आशंका है तो वे संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस की ओर से पैरवी करते हुए सीनियर एडवोकेट शोएब आलम ने दलील दी, वे बीते तकरीबन 20 महीनों से जेल में हैं। जैसे ही किसी मामले में उन्हें जमानत मिलती है, किसी दूसरे केस में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।

### हाई कोर्ट जाने की सलाह

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस को सलाह दी कि जिन मामलों में उन्हें गिरफ्तारी की आशंका है, उनमें वे छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से कहा, इस तरह की याचिकाओं पर 2 से 4 सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाए।



# बच्चा चोर समझकर ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

■ रास्ता चलते छात्रा को किया था वाहन में बैठाने का प्रयास, घटना का वीडियो वायरल

जिले में बच्चा चोरी की शक पर एक ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर बेदम पिटाई करने का मामला सामने आया है। ऑटो चालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। लोगों ने ऑटो चालक की पिटाई करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। बड़ी बात यह है कि अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की बात कर रहे है।

बता दें कि मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर डंडे और चप्पल से पिटाई कर रहे है। यह वीडियों रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार एक नाबालिग छात्रा पैदल स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक ऑटो चालक ने छात्रा से बातचीत की कोशिश की और उसे अपनी ऑटो में बैठाकर स्कूल छोड़ने की बात कही जिससे घबराकर छात्रा वहां से भागकर पास में मौजूद एक परिचित महिला के पास पहुंच गई। महिला ने तुरंत छात्रा की मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में छात्रा की मां मौके पर पहुंची और बेटी को लेकर घर लौटने लगी। इस दौरान परशुराम मंदिर के पास वही ऑटो खड़ी दिखाई दी, ऑटो को देखते ही छात्रा की मां ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। भीड़ ने बच्चा चोरी की आशंका जताते हुए ऑटो चालक को पकड़ लिया और पास के एक पेड़ से बांध दिया और उसकी डंडे, चप्पल से बेदम पिटाई कर दी गई।

### नहीं की गई है शिकायत

ऑटो चालक शराब के नशे में धुत था और रास्ता चलते हुए बच्ची को ऑटो में बैठाने का प्रयास किया। ऑटो चालक को बच्चा चोर समझकर उसकी पिटाई की गई। चालक की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है। शिकायत मिलने और जांच के बाद कार्वाई की जाएगी।
**प्रशांत ठाकुर**, एसएसपी सरगुजा

### नोवा प्लांट में पिघला आयरन गिरने से 4 कर्मचारी झुलसे

**बिलासपुर।** बीती रात नोवा प्लांट में काम करने के दौरान पिघला आयरन गिरने से 4 कर्मचारी झुलस गए। हादसे के बाद प्लांट के अंदर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में चारों कर्मचारी को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, अमेरी अखबरी स्थित नोवा प्लांट में 10 मार्च की रात कर्मचारी काम कर रहे थे। रात 1 बजे कर्मचारी पिघले आयरन को सांचा व लैडर में डाल रहे थे। इसी दौरान पिघला हुआ आयरन कर्मचारी नरेन्द्र कोसले भैसबोर्ड, चंद्रहंस भैसबोर्ड, धर्मवरी बिहार, विनय कुमार बिहार निवासी पर गिर गया, जिससे चारों कर्मचारी गंभीर रूप से जल गए।

**हंगामे के बीच गर्भगृह में पहुंवे कांग्रेस विधायक निलंबित**

# धान खरीदी प्रक्रिया में 8500 करोड़ का नुकसान, सरकार ने किया खारिज

**धान का उचित भंडारण और सुरक्षा करने में विफल रहने पर कांग्रेस का स्थगन प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा में राज्य की धान खरीद प्रक्रिया में 8,500 करोड़ रुपये का नुकसान होने का आरोप लगाया। हालांकि राज्य सरकार ने इस दावे को खारिज कर दिया, जिसके कारण विधानसभा में हंगामा हुआ और गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस विधायकों को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्षी विधायकों को गर्भगृह के करीब पहुंचकर इस मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस देने पर थोड़ी देर के लिए निलंबित किया गया।

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उचित भंडारण और सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही। उन्होंने दावा किया कि 2024-25 के खरीफ विपणन सीजन में 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिसमें से 22.71 लाख क्विंटल अब तक विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मौजूद है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि वह धान अब उचित गुणवत्ता का नहीं रहा और उसे चूहों ने खा लिया, भ्रष्ट अधिकारियों ने बेच दिया या खराब भंडारण व रखरखाव न होने के कारण नष्ट हो गया।

### 22.70 लाख क्विंटल धान गायब

उन्होंने कहा कि धान विपणन संघ द्वारा संचालित भंडारण केंद्रों से 16.03 लाख क्विंटल जबकि खरीद केंद्रों से 6.67 लाख क्विंटल धान गायब हो गया। महंत ने यह दावा भी किया कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ से अधिशेष चावल स्वीकार करने से मना कर दिया, जिसकी वजह से राज्य को 1.83 करोड़ क्विंटल धान को लगभग 50 प्रतिशत कम कीमत पर बेचना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024-25 में 128.61 लाख मीट्रिक टन धान 'कस्टम मिलर्स' को सौंप दिया गया।



### स्पीकर ने किया अस्वीकार

मंत्री के जवाब के बाद, सभापति धरमलाल कौशिक ने स्थगन प्रस्ताव नोटिस को अस्वीकार कर दिया। असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और सदन में आसंदी के करीब आ गए, जिसके बाद सभापति ने कांग्रेस सदस्यों के निलंबन की घोषणा की।

### भूपेश ने सरकार की नीति पर उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, धान की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन गलत नीतियों और लापरवाही के कारण भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

# कभी पुल-पुलिया निर्माण में थे रोड़ा, अब विकास के लिए बहा रहे पसीना

## 45 वर्ष बाद माड़ के नक्सल मुक्त होते ही अस्थायी पुल निर्माण में जुटे सैकड़ों ग्रामीण बारिश में 35 किमी की दूरी होती थी तय करनी, अब पुल बनते ही हो सकेगा रोजमर्रा का काम

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बीजापुर जिले के माड़ इलाके में नक्सलियों का वर्चस्व समाप्त होने की कगार पर है और एक तरह से 45 साल बाद माड़ इलाके के हजारों ग्रामीणों को वास्तविक आजादी मिल चुकी है। अब माड़ इलाके के ग्रामीण शासन से मिलने वाली उन तमाम सुविधाओं का लाभ लेना चाहते हैं जिनसे वे सालों से वंचित थे। ग्रामीण की जिद व विकास की ललक ही है कि अब बारिश के पहले माड़ इलाके में राशन के साथ ही स्कूल, आश्रम, अस्पताल एवं अन्य निर्माण कार्यों की सामग्री पहुंचाने के लिए बीजापुर के माड़ और नारायणपुर के ओरछा ब्लॉक के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम पंचायत और जिला पंचायत की मदद से भैरमगढ़ के इंद्रावती नदी पर प्लास्टिक और सीमेंट की बोरियों रेत भरकर पुल बनाने में जुटे हुए हैं। इस कार्य में उनकी मदद वे समर्पित नक्सली भी कर रहे हैं, जो कभी पुल पुलिया व सड़क निर्माण में रोड़ा बने हुए थे। ये समर्पित नक्सली भी अब ग्रामीणों के साथ पुल निर्माण में खूब पसीना बहा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि साढ़े चार दशक से पूरा माड़ इलाका नक्सलियों के कब्जे में रहा है और उन्हें राशन सामग्री से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा था। अब यह पूरा इलाका नक्सलियों के कब्जे से मुक्त हो चुका है, इसलिए वे चाहते हैं कि माड़ में भी विकास कार्य हों और सरकार से मिलने वाले राशन व अन्य सुविधाओं का वे लाभ ले सकें। यही वजह है कि सैकड़ों ग्रामीण ग्राम पंचायत इतामपारा के एक बुलावे पर बीजापुर और माड़ इलाके के बीच से बहने वाली प्राणदायनी इंद्रावती में एकत्र हो चुके हैं और पिछले 5 दिनों से लगातार सीमेंट और प्लास्टिक के बोरियों में रेत भरकर एक अस्थाई पुल का निर्माण कर रहे हैं, ताकि बारिश के पहले माड़ इलाके के गांवों तक आसानी से राशन और विकास कार्यों से जुड़ी सामग्रियां पहुंच सके।



### ग्रामीण कर रहे श्रमदान

नक्सलवाद के चलते इन्द्रावती के उस पार का पूरा इलाका विकास से वंचित था। बीजापुर के अलावा नारायणपुर जिले के 3 सौ से अधिक ग्रामीण इस समय श्रमदान कर अस्थायी पुल निर्माण कर रहे हैं। बारिश से पूर्व जिला प्रशासन के सहयोग से इन्हें राशन व अन्य सुविधाएं मुहैया हो सकेगी।
**-कोमल निषाद**
सचिव, ग्राम पंचायत

**पुल के बिना 35 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती थी**

ग्रामीणों की मांग है कि माड़ इलाके में अब साप्ताहिक बाजार की भी शुरूआत की जानी चाहिए ताकि उन्हें रोजमर्रा की सामग्री के लिए भैरमगढ़ या नारायणपुर जाने की आवश्यकता ना पड़े। माड़ के नक्सलमुक्त होने के बाद अब यह जिला प्रशासन पर निर्भर है कि वह ग्रामीणों की इस मेहनत और उनकी मांगों को कितनी गंभीरता से लेता है। बहरहाल नदी पार के ग्रामीण इन्द्रावती नदी के टारबाकड़ी पुल से 35 किमी की दूरी तय कर रोजमर्रा का सामान लेने ब्लाक मुख्यालय आते थे, लेकिन अस्थायी पुल बनते ही उन्हें 35 मिनट भी नहीं लगेंगे।

### नक्सलियों की इजाजत के बिना नदी पार करने की थी मनाही

धूर नक्सल प्रभावित इलाका होने से यहां के ग्रामीण नदी पार नहीं कर पाते थे और ना ही राशन व अन्य जरूरत का सामान लेने ब्लाक मुख्यालय आ पाते थे। नक्सलवाद के चलते इन्द्रावती के उस पार का पूरा इलाका विकास से वचिंत था। चाहकर भी प्रशासन इस इलाके में काम नहीं कर पाता था, क्योंकि नक्सलियों का बहुत ज्यादा दबाव रहता था। हर काम के लिए अनुमति लेनी पड़ती थी। असुविधा को देखते हुए काफी संख्या में ग्रामीणों ने मिलकर अस्थायी पुल की मांग की और जनपद पंचायत व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से अब अस्थायी पुल का निर्माण हो रहा है। इससे बारिश से पहले 2-3 माह का राशन सामग्री नदी उस पार के 15-20 गांव में बरसात से पहले डंप कर सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सूचना के बाद मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस, दो किसानों के नाम पर दर्ज है जमीन



# छत्तीसगढ़ में 'सूखा' नशे की हरियाली!

जहां धान की फसल लहलहाती रही, वहां अब **अफीम की खेती**

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹121097/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹147900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹161447/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels Pandri, Raipur

## अब कुसमी में अफीम के खेत, तीन एकड़ से ज्यादा जमीन पर लहलहाती मिली फसल

दुर्ग के बाद बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी गांव में लम्बे समय से अफीम की खेती की जा रही थी और फसल पूरी तरह से तैयार होने के बाद डोडा को चीरा लगाकर सुखाया गया था। इस बात की जानकारी सामने आने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/कुसमी

मामले की सूचना मिलने के बाद राजस्व व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है और लगभग तीन से चार एकड़ में लगे डोडा फसल के जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी के सरनाटोली क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा बस्ती से दूर जंगली किनारे अफीम की खेती किए जाने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सरपंच ने दी थी सूचना कार्रवाई करेंगे: कलेक्टर

इधर इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। गांव के सरपंच फेकुंदर नाग का कहना है कि जनवरी माह में उसे अफीम के खेती की जानकारी मिली थी जिसके बाद उसने इसकी सूचना कुसमी थाना में पदस्थ मुंशी के वाट्सएप ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चल रही है कार्रवाई

*सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। अफीम के खेती की पुष्टि हुई है। जब्ती की कार्रवाई चल रही है। कार्रवाई पूर्ण होने के बाद आगे की जानकारी सामने आएगी*
**वैभव बैंकर रमनलाल, पुलिस अधीक्षक**

बस स्टैंड में सरकारी जमीन पर कर रहा था कारोबार

## अफीम की खेती करने वाले के भाई की फैक्ट्री पर चला बुलडोजर



*भिलाई। समोदा के ग्राम झेंझरी में 5 एकड़ 62 डिसमिल जमीन पर अफीम की खेती के मामले में प्रशासन ने आरोपी विनायक ताम्रकार के भाई बृजेश ताम्रकार के अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया। अतिक्रमण पर करीब 4 घंटे तक कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। बृजेश ताम्रकार ने राजनीतिक रसूख का धौंस दिखाकर समोदा बस स्टैंड में पिछले करीब 34 सालों तक कब्जा कर रखा था। राजस्व विभाग ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे से बस स्टैंड समोदा पहुंची। बृजेश ताम्रकर अफीम मामले के आरोपी बीजेपी* ▶▶|शेष पेज 5 पर

*गृह विभाग की ताजा रिपोर्ट में दी है सरकार को यह जानकारी*

## नारकोटिक्स सेल फेल, सरकार को लिखकर दिया था छत्तीसगढ़ में नहीं होती गांजे, अफीम की खेती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का खुलासा हो गया है, लेकिन इससे पहले गृह विभाग की एक रिपोर्ट में सरकार को बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में गांजे-अफीम की खेती नहीं होती। खास बात ये है कि राज्य में पहले भी गांजे की फसल उगाने के मामले सामने आए हैं, अब अफीम की लहलहाती फसल बता रही है कि कम से इस मामले में नारकोटिक्स सेल फेल हो गई है। राज्य सरकार के गृह विभाग की वार्षिक* ▶▶|शेष पेज 5 पर

हरिभूमि तत्काल

### दुर्ग के बाद बलरामपुर में अफीम की खेती

*गृह विभाग की रिपोर्ट में बताए गए तथ्यों के उलट हाल ही में दुर्ग जिले में अफीम की खेती करने का मामला खुलने के बाद अब बलरामपुर जिले में यह खेती पकड़ में आई है। इन दोनों मामलों से साफ हुआ है कि छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती हो रही है। हालांकि दुर्ग का मामला सामने आने पर सरकारी सूत्रों ने कहा था कि पुलिस, आबकारी* ▶▶|शेष पेज 5 पर



::नारकोटिक्स सेल::

छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा ओड़िसा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश से जुड़ी हुई है। राज्य में गांजे व अफीम की खेती परिलक्षित नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य के रास्ते अन्य राज्यों में गांजा/अफीम की तस्करी की जा रही है।



दुर्ग के बाद बलरामपुर में फूटा अफीम की खेती का कारोबार

### इसे क्यों उगाते हैं

*इस अवैध फसल को उगाने के पीछे कारण आमतौर पर ये होते हैं, छोटी जमीन में बहुत ज्यादा कमाई, नकद भुगतान, दूरदराज इलाकों में कम पुलिस निगरानी, एजेंट खुद बीज और सुरक्षा देते हैं, यह सब कुछ छत्तीसगढ़ के दुर्ग और बलरामपुर में भी हो रहा था। संभव है कि राज्य के अन्य कुछ जिलों में भी यही गोरखधंधा चल रहा हो, लेकिन वह फिलहाल पकड़ में नहीं आया है।*

### लाइसेंस लेकर भी होती है वैध खेती

*भारत में अफीम की खेती पूरी तरह अवैध नहीं है। लेकिन केवल लाइसेंस लेकर और सरकार को बेचने की शर्त पर ही इसकी खेती मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में होती है। अफीम की खेती की शुरुआत बीजों से की जाती है। इसके लिए सीधे खेत में बीज बोए जाते हैं, अफीम के बीजों को ही हम 'खसखस' कहते हैं, जिनका* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सदन में गूंजा, भूपेश बोले- सूखे नशे के कारोबार को सीएम और गृहमंत्री का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अफीम की खेती के बाद अब बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने पर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि अफीम सहित सूखे नशे का कारोबार सुनियोजित तरीके से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के संरक्षण में चल रहा है। विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान अफीम की खेती के जरिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, विधानसभा सत्र के दौरान दो जिलों में अफ़ीम की खेती का मामला उजागर हुआ है, गृहमंत्री में ▶▶|शेष पेज 5 पर

- पूर्व मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा
- नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ में कमी की अफवाह, लोग जमाखोरी में जुटे

## गैस संकट, सरकार ने लगाया एस्मा, रायपुर में लगी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध में बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (एस्मा), 1968 को पूरे देश में लागू कर दिया है। इसका मकसद देश में बिना किसी बाधा के घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। सरकार ने साथ ही रिफाइनरी कंपनियों और पेट्रोकेमिकल कंपनियों को यह निर्देश भी दिया है कि वो एलपीजी गैस के ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



### एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने का आदेश

सरकार ने सभी तेल कंपनियों को एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा है ताकि आम लोगों के लिए इसकी कमी न हो। अन्य उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती करते इसे एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल किया जायेगा। इसके साथ ही तेल कंपनियों से पिछले छह महीने के उपभोग के 65 प्रतिशत तक ही गैस का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग पर 25 दिन का नियम

यही नहीं गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए सरकार ने 25 दिन की तय सीमा भी लागू कर दी है। इसके तहत यदि आपने एक सिलेंडर ले लिया है तो अगले की बुकिंग 25 दिन के बाद ही कर पाएंगे। कुछ अरसे से ऐसी सीमा खत्म हो गई थी, लेकिन इसे लागू कर दिया गया है।

सीएम साय, वित्तमंत्री रहेंगे मौजूद


## एससीआर की बैठक आज मेट्रो पर फैसला संभव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवा रायपुर-रायपुर और दुर्ग-भिलाई के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी को लेकर बुधवार को होने वाली स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) की बैठक में अहम फैसला लिया जा सकता है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी मौजूद रहेंगे। सूत्रों के अनुसार रायपुर और दुर्ग के बीच मेट्रो लाइन के लिए सर्वे और डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इस परियोजना ▶▶|शेष पेज 5 पर

## राज्यसभा चुनाव से पहले 37 में से 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दस राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनावों में 26 नेता बिना किसी प्रतिस्पर्धा के चुने गए हैं। इनमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं। यह चुनाव उन सात राज्यों में हुए हैं, जहाँ विपक्षी दलों ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिससे ये नेता निर्विरोध निर्वाचित हो गए। हालांकि, बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवारों के कारण चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में 5, ओडिशा में 4 और हरियाणा में 2 सीटों पर मतदान 16 मार्च को होगा। यह हालात उन नेताओं के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं जो मुकाबले के लिए उतर रहे हैं।




SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2026
Empowering students for a brighter future
HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
- BHMCT (Bachelor of Hotel Management and Catering Technology)
- MBA (Hospitality Management)
APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2025
- 15th Best in University Category
- 25th Best in Overall Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2026
- Ranked in QS World Rankings 2026
- Ranked in Times World Rankings 2026
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

गैस की किल्लत के बीच बड़ी वारदात

## 524 सिलेंडरों से भरा ट्रक ले भागे चोर, पुलिस भी हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झांसी

मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ गई है। जंग की वजह से तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के झांसी से रसोई गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिससे हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक ट्रक में करीब 524 भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थे, जिनकी कीमत लगभग 18 लाख रुपए बताई जा रही है। यह मामला झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र का है. ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### ट्रक मालिक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

ट्रक मालिक नीरज अग्रवाल के अनुसार उनका ट्रक नंबर यूपी 93 बीटी 3341 झांसी के करारी स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के प्लांट से जुड़ा हुआ है। 2 मार्च को प्लांट से 524 गैस सिलेंडर ट्रक में लोड किए गए थे, जिन्हें कानपुर देहात के गजनेर भेजा जाना था। होली के त्योहार के कारण ट्रक चालक राजकुमार ट्रक को प्लांट के बाहर खड़ा कर घर चला गया था।

### सिलेंडर ढूंढने में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी जयप्रकाश चौबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने ट्रक को बरामद कर लिया है और चोरी हुए गैस सिलेंडरों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि विदेशों से कम एलपीजी गैस की आपूर्ति की वजह से केंद्र सरकार ने एलपीजी के कमर्शियल इस्तेमाल को नियंत्रित कर दिया है।

ईरान-इजरायल तनाव की चपेट में आने लगे हैं भारत के बंदरगाह

*नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब भारत के कारोबार और एक्सपोर्ट पर भी दिखाई देने लगा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि समुद्री व्यापार और शिपिंग रूट प्रभावित हो रहे हैं। इसी वजह से गल्फ देशों के लिए भेजी गई करीब 2000 हुंडई कारों को वापस भारत लाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये कारें भारत से गल्फ बाजारों के लिए भेजी गई थीं, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी तनाव और समुद्र में सुरक्षा जोखिम बढ़ने की वजह से शिपिंग कंपनियां अब अपने रूट पर दोबारा विचार कर रही हैं। ऐसे में इन कारों को वापस चेन्नई पोर्ट पर उतारने का प्लान बनाया जा सकता है।*

# जंग का असर, बीच मझधार में फंस गईं भारत की 2 हजार गाड़ियां

## बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब कारोबार, एक्सपोर्ट पर भी दिखाई देने लगा

### समुद्री रास्तों पर बढ़ा खतरा

दरअसल, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और लाल सागर जैसे अहम समुद्री रास्तों पर खतरा बढ़ गया है। यही रास्ते भारत से गल्फ देशों तक माल पहुंचाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं। हालात को देखते हुए कई जहाज इन रूट्स से गुजरने से बच रहे हैं या रास्ता बदल रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये संकट लंबा चलता है तो एशियाई देशों से गल्फ देशों को होने वाला ऑटोमोबाइल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश हर साल अरबों डॉलर की कारें इस क्षेत्र में भेजते हैं।

### कंटेनर और शिपमेंट भी प्रभावित

रिपोर्ट के मुताबिक, समुद्री हालात बिगड़ने की वजह से हजारों कंटेनरों की आवाजाही प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि करीब 4000 कंटेनरों को उनके तय रूट से वापस मोड़ दिया गया है, जिनमें लगभग 1800 कंटेनर चेन्नई से भेजे गए थे। इसके अलावा तमिलनाडु के कई बंदरगाहों से जहाजों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है। खासतौर पर वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट (थूथुकुडी), जो गल्फ देशों के लिए एक बड़ा एक्सपोर्ट हब माना जाता है, वहां से जाने वाले कई शिपमेंट में देरी हो रही है।



### पोर्ट प्रशासन कर रहा तैयारी

हालात को देखते हुए चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी और बाकी बंदरगाह प्रशासन वैकल्पिक इंतजाम करने में जुट गए हैं। जरूरत पड़ने पर कंटेनरों और कार्गो को रखने के लिए करीब 20,000 वर्ग मीटर का अस्थायी स्टोरेज यार्ड तैयार करने पर विचार किया जा रहा है।

## तेल आपूर्ति बाधित हुई तो करेंगे कठोर हमले : ट्रंप

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्लामी गणराज्य वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित करता है तो लड़ाई और तेज हो सकती है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद उनके पुत्र अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुना गया। इसके एक दिन बाद ही तेल की कीमतें कुछ समय के लिए 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों का मानना है कि यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 10 दिन बाद ईरान अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है। हालांकि बाद में कीमतों में थोड़ी नरमी आई, जिसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी आई और यह उम्मीद जगी कि संभवतः ईरान के साथ युद्ध ज्यादा समय तक नहीं चलेगा।

सुपर पावर अमेरिका के 'दबाव' में हैं संगठन, सीधे उलझने से बच रहे!

# मिडिल ईस्ट की जंग में संयुक्त राष्ट्र ब्रिक्स, नाटो की चुप्पी से दुनिया हैरान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग ने गल्फ देशों में तबाही मचाई हुई है। करीब 15 देश युद्ध की आग में जल रहे हैं, तबाही का खौफनाक मंजर देख रहे हैं। वैश्विक चैन सप्लाई ठप हो गई है, दर्जनों देश तेल-गैस का संकट झेल रहे हैं। ऐसी तबाही और वैश्विक संकट को देखकर पूरी दुनिया दुखी है। कई देशों ने जंग को लेकर प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ, ब्रिक्स और नाटो की चुप्पी दुनिया को हैरान कर रही हैं। जियो पालिटिक्स विशेषज्ञों के अनुसार, ये संगठन अमेरिकी दबाव में हैं।

**जियो पालिटिक्स के विशेषज्ञों का मानना है इन संगठनों की हैं अपनी सीमाएं**




### संरा के पास नहीं है अपनी सेना

जानकारों का कहना है, रूस-चीन समेत कई अरब देश चाहते हैं कि अमेरिका जंग खत्म कर दे। लेकिन अमेरिका टारगेट पूरे किए बिना पीछे हटने को तैयार नहीं है। अब ईरान ने भी कह दिया है कि अमेरिका के साथ बातचीत करने की गुंजाइश नहीं बची है। माना जा रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) इसलिए चुप है, क्योंकि जंग को लेकर इसके स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन बंटे हुए हैं। संघ के पास अपनी कोई सेना नहीं है, इसलिए भी वह किसी की मदद नहीं कर सकता। टेररिज्म बनाम सेल्फ डेफेंस भी चुप रहने की एक वजह है। क्योंकि अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस का लॉजिक देते हुए ईरान पर हमला करने का स्पष्टीकरण दिया है। अमेरिका कहता है कि ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम देश के लिए खतरा है।

### नाटो है न्यूट्रल यूरोपीय देशों का यह है मत

अमेरिका को यूरोपीय देशों ने ईरान युद्ध में सहयोग नहीं किया है। फ्रांस औ ब्रिटेन सैन्य मदद देने से इनकार कर चुके हैं। दोनों का कहना है कि कूटनीति से विवाद सुलझाया जाना चाहिए। इटली ने भी लाल सागर में शुरू किए गए अमेरिका के मिशन में सहयोग करने से मना कर दिया है, क्योंकि वह युद्ध की आग को भड़काने के पक्ष में नहीं है। स्पेन ने भी किसी एक पक्ष का समर्थन करने या सैन्य हिस्सेदार बनने से साफ-साफ इनकार कर दिया है। तुर्की जंग को लेकर तटस्थ है। उसने अमेरिकी की युद्ध नीतियों का खुलकर विरोध किया है।

### ब्रिक्स देशों ने जारी नहीं किया ज्वाइंट स्टेटमेंट

जियो पालिटिक्स के विशेषज्ञों का मानना है कि मिडिल ईस्ट की जंग पर ब्रिक्स देश इसलिए चुप हैं, क्योंकि जिन पर हमला हुआ है, वे इसके मेंबर हैं जैसे ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात। इसलिए मामले में संगठन की ओर से जॉइंट स्टेटमेंट तो नहीं जारी किया गया, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर हर देश में प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जैसे दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने युद्ध को रोकने की मांग की है, क्योंकि उनके अनुसार यह जंग गल्फ से बाहर निकलकर दुनिया के अन्य देशों में फैल सकती है। रूस ने भी ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों और बदले में ईरान के अरब देशों पर हमले की निंदा की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा भी की थी।

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# 'यूसीसी लागू करने का समय आ गया, संसद इस पर विचार करे'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर लंबित से विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है।



### याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत

*सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है।*

### शरियत कानून को लेकर न करें जल्दबाजी

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी।

डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS मस्सा नाशक

बंगाल चुनाव | चुनाव आयुक्त ने बताए नए नियम

# हारने वाले उम्मीदवार 7 दिनों के भीतर करवा सकेंगे ईवीएम की जांच

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग ने मतगणना प्रक्रिया में कई नए फैसले लिए हैं, जिनमें हारने वाले किसी भी उम्मीदवार को 7 दिनों के भीतर निर्धारित शुल्क पर अपनी ईवीएम की जांच कराने का मौका होगा। इसके अलावा, पोस्टल बैलट की गिनती को ईवीएम की पहले 2 राउंड की गिनती से पहले पूरा करना अनिवार्य किया गया है। सीईसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मतदान समाप्त होने पर प्रिजाइडिंग अफसर पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी प्रदान करते हैं। ईवीएम गिनती पूरी होने के बाद अगर फॉर्म 17सी और ईवीएम के आंकड़ों का मिलान सुचारू रूप से होता है तो ठीक, लेकिन किसी भी विसंगति की स्थिति में संबंधित ईवीएम के सभी वीवीपीएटी स्लिप्स की गिनती काउंटिंग एजेंटों के सामने कराई जाएगी।



### बंगाल विधानसभा में है कुल 294 सीट

पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां की विधानसभा में कुल 294 सीटें हैं, जिनमें 210 सामान्य, 68 अनुसूचित जाति और 16 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं को प्रतीकात्मक रूप से मतदाता पहचान पत्र भी वितरित किए। चुनाव आयुक्तों सुक्खबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ ज्ञानेश कुमार पश्चिम बंगाल में तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्होंने बूथ स्तर के अधिकारियों से चर्चा की और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

मार्केट से पूरी पुस्तकें वापस मंगाई

# एनसीईआरटी ने सार्वजनिक रूप से सुको से मांगी माफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े अध्याय का मामला

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े विवादित अध्याय को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इसके साथ ही परिषद ने बताया कि बाजार से पूरी किताबें वापस मंगा ली गई हैं। अब इस पुस्तक में वह अध्याय शामिल नहीं किया गया है। इसकी जानकारी एनसीईआरटी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में एनसीईआरटी ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने हाल ही में कक्षा 8 (भाग–2) के लिए सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियोंड' प्रकाशित की थी, जिसमें 'द रोल ऑफ ज्यूडिशियरी इन अवर सोसाइटी' शीर्षक से अध्याय चार शामिल था। एनसीईआरटी के निदेशक और परिषद के सदस्य इस अध्याय चार के लिए बिना शर्त और पूर्ण रूप से क्षमा प्रार्थी हैं। पूरी पुस्तक को वापस ले लिया गया है और अब यह उपलब्ध नहीं है।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफडे का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार 11 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 24, अंक : 228
पृष्ठ : 12+4+4=20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 38.6
न्यूून. 23.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# दो दोस्तों ने मनाई जन्मदिन की पार्टी, फिर एक ही चुनरी से फंदा बनाकर झूल गए

## पुसौर ब्लॉक के चिखली गांव की घटना, गांव में सन्नाटा पसरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के चिखली गांव में आत्महत्या का जो मामला सामने आई है, वह ढेरों सवाल खड़े कर रहा है। एक ही चुनरी के दोनों पल्लू का फंदा बनाकर एक ही पेड़ में लटक कर दो युवकों ने सुसाइड कर ली है। यह घटना बीती रात की है। पुसौर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खास बात यह है कि दोनों दोस्तों ने पहले जन्मदिन की पार्टी मनाई इसके बाद फांसी लगा ली।

पुसौर थाना क्षेत्र के चिखली गांव में मंगलवार को दो युवकों का शव पेड़ से लटका मिला। जब लोगों ने देखा तो गांव में सनसनी फैल गई। दोनों दोस्तों ने एक ही पेड़ में एक ही चुनरी का फंदा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मामा के घर में रहता था शिवशरण

शिवशरण मूलतः मालखरौदा सक्ती जिले का रहने वाला है। उसकी मां दूसरे के साथ चली गई तो पिता के साथ मामा के घर बरमकेला ब्लॉक के कटंगपाली में दोनों रहने लगे। सोमवार को उसे तेतला निवासी मृतक लेने गया था। रात को चिखली बाजार के पास एक दिवार में बैठकर शराब पी है। वहां इसके सबूत मिले हैं। कयास लगाया जा रहा है कि शराब पीने के बाद दोनों को कोई बात नागवार गुजरी होगी और ग्लानि में दोनों एक ही चुनरी का दोनों पल्लू का फंदा बनाकर पेड़ पर झूल गए होंगे। खास बात यह है कि जिस पेड़ में दोनों ने फांसी लगाई है। वह बबूल का है और दीवार से सटा हुआ है। दीवार काफी चौड़ी है, लेकिन उसकी ऊंचाई कम से कम 6 फीट है।

# हजार रुपए के लिए बिजली कट...नहीं चलेगा आयोग खफा, पॉवर कंपनी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की मनमर्जी पर बिजली नियामक आयोग भारी खफा है। प्रदेशभर के छोटे बकायेदार जिन पर हजार रुपए का भी बकाया है, तो उनकी बिजली को कट कर दिया जा रहा है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से 19 जनवरी को प्रकाशित किया, तो इस मामले को ▶▶|शेष पेज 5 पर

खबर का असर




अब होगी 17 मार्च को सुनवाई पॉवर कंपनी को देना होगा जवाब

### नोटिस किया है जारी

आयोग ने खुद से संज्ञान लेते हुए छोटे बकायेदारों का बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में याचिका लगाकर पॉवर कंपनी को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। जनसुनवाई में भी इस मामले की शिकायतें मिली थीं।

\- एसपी शुक्ला
सचिव, नियामक आयोग

### आयोग ने खुद लगाई याचिका

बिजली नियामक आयोग में आमतौर पर किसी उपभोक्ता की शिकायत पर याचिका लगती है, लेकिन आयोग ने देखा कि पॉवर कंपनी छोटे बकायेदारों की ही बिजली कट कर रही और इसको लेकर समाचार भी प्रकाशित हो रहे हैं तो आयोग ने खुद से संज्ञान लेते हुए इस मामले में याचिका लगी ली है। इसके लिए पॉवर कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया है। अब इस मामले की आयोग में सुनवाई होगी। इसमें पॉवर कंपनी को छोटे बकायेदारों का कनेक्शन कट करने का कारण बताना होगा।

### एक माह का बिल जमा नहीं और बिजली कट

एक समय वह था जब दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर भी बिजली कट नहीं होती थी, लेकिन दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था। अब तो एक माह का बकाया होने पर ही बिजली कट हो रही है। इस मामले में पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक माह या दो माह का सवाल नहीं है, रायपुर में तीन हजार से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली कट हो रही है। प्रदेश के कई शहरों में हजार रुपए का बकाया होने पर भी बिजली कट की जा रही है।

## बिरला ने पक्षपात किया, सदन की मर्यादा बचाने के लिए लाए संकल्प : गोगोई

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, विपक्ष का हंगामा, भड़के शाह

*लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद चर्चा हुई। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने बिरला पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष को सदन एवं संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए बिरला के खिलाफ संकल्प लाना पड़ा है। गोगोई के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नाराज दिखे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए सदन में लाए गए संकल्प पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गोगोई ने यह आरोप भी लगाया कि वर्तमान समय में लोकसभा में माइक को भी एक 'अस्त्र' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी को वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने से 20 से अधिक बार रोका गया। इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने यह संकल्प सदन में प्रस्तुत किया।

गोगोई ने कहा, देश को पता होना चाहिए कि किस तरह से संविधान और सदन की मर्यादा का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को लाने में विपक्ष को कोई खुशी नहीं है। उन्होंने कहा, बिरला जी का ▶▶|शेष पेज 5 पर

## प्रियंका बोलीं- केवल मेरा भाई सरकार के आगे नहीं झुका

### शाह बोले-गैर जिम्मेदाराना विपक्ष कभी नहीं देखा



गौरव गोगोई ने किरेन रिजिजू पर विपक्ष के भाषण के दौरान सबसे ज्यादा व्यवधान डालने का आरोप लगाया। इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रिजिजू जी को बोलना पड़ता है, लेकिन मैंने भी आज तक इतना गैर जिम्मेदाराना विपक्ष कभी नहीं देखा।

### प्रियंका ने कहा- राहुल की सच्चाई इनसे पचती ही नहीं है



प्रियंका गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं वह इनसे पचती नहीं है।



### दुबे ने किया बिरला का समर्थन



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कहा कि अध्यक्ष ओम बिरला हमारे दल से हैं और यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने सोमनाथ चटर्जी और जीवी मावलंकर के उदाहरण दिए और आरोप लगाया कि कांग्रेस इन अध्यक्षों के साथ खड़ी नहीं रही। दुबे ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष पक्षपाती क्यों नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई बिरला के खिलाफ जाता है, तो पूरा एनडीए उन्हें बचाने के लिए खड़ा होगा।

### केसी वेणुगोपाल ने उठाया लोकसभा उपाध्यक्ष का मुद्दा

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया।

### रीजीजू ने राहुल पर कसा तंज

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर 'गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने' का आरोप लगाया। तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो 'परफॉरमेंस' शायद थोड़ा अच्छा होता। रीजीजू ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष सदन में जिस तरह का हल्का व्यवहार करते हैं, वैसा ही अपने सांसदों को भी करने के लिए मजबूर करते हैं।

### रविशंकर ने दिया विपक्ष के सवालों का जवाब

सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

### दो बाइक खड़े ट्रक से टकराईं, तीन की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले में दो मोटरसाइकिल के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के कारण पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सोमवार देर शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगोहां गांव के पास उस वक्त की है।

### खाई में गिरा वाहन, नायब सूबेदार समेत दो जवान शहीद

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरि जिले में सेना का एक वाहन खाई में गिरने से नायब सूबेदार सहित दो जवानों की मौत हो गई। यह हादसा सात मार्च को भारत-चीन सीमा के पास रेड्डी गांव के निकट उस समय हुआ जब वाहन 'ऑपरेशन स्नो लेपर्ड' के तहत परिचालन ड्यूटी के लिए गेलेमो से ताकसिंग जा रहा था।

## लोकसभा में सरकार ने बताया

# केंद्र की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण तय

आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर 1993 के कार्यालय ज्ञापन तथा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती के 27 प्रतिशत पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

# कोविड-रोधी टीके के दुष्प्रभाव पर मुआवजा पॉलिसी बनाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति' तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश



### सरकार को दिए निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि कोविड 19 वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर दुष्परिणामों के लिए मुआवजा नीति बनाई जाए। साथ ही कहा कि दुष्परिणामों के मामलों को देखने के लिए मौजूदा व्यवस्था ही जारी रहेगी। साथ ही समय समय पर इससे जुड़ा जरूरी डेटा सार्वजनिक किया जा सकता है।

### किसने लगाई थी याचिका

दरअसल, यह याचिका कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के चलते जान गंवाने वाली दो लड़कियों के पैरेंट्स की तरफ से दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि मौतों के मामलों की स्वतंत्र जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति का गठन किया जाए। साथ ही ऑटोप्सी और जांच की रिपोर्ट्स को जारी किया जाए। याचिका में कहा गया था कि बच्चियों के माता-पिता को आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, चीन समेत पड़ोसी देशों के लिए अहम

# एफडीआई नियम सरल, डॉलर संग युआन की होगी बारिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने चीन को लेकर एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने एक अहम फैसले में चीन से आने वाले एफडीआई के नियमों में ढील दे दी है। इससे अब देश में डॉलर के साथ युआन की बारिश होगी। बीते कुछ समय से भारत और चीन के रिश्ते बेहतर हुए। विश्वास बहाली के लिए दोनों देशों ने एक अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा

चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है। भारत का चीन को निर्यात 2024-25 में 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, आयात 2024-25 में 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा 2023-24 के 85 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत का चीन को निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 38.37 प्रतिशत बढ़कर 15.88 अरब डॉलर रहा।




### अब तक क्या थे नियम?

पहले चीनी कंपनियों के इन्वेस्टमेंट के लिए भारत सरकार से सिक्योरिटी मंजूरी की जरूरत होती थी। ये पाबंदियां जुलाई 2020 से हैं। तब नई दिल्ली ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं और भारतीय फर्मों के दुश्मनी भरे अधिग्रहण को रोकने की जरूरत का हवाला देकर पड़ोसी देशों की कंपनियों को सरकारी खरीद कॉन्ट्रैक्ट में हिस्सा लेने से रोक दिया था।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा।
- तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित करने को मंजूरी। मदुरै एयरपोर्ट मंदिरों के शहर मदुरै में है।
- उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी बनाने के लिए 3630.77 करोड़ रुपए

# साय कैबिनेट में कई अहम फैसले, छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक सहित 6 विधेयकों के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए बल प्रयोग, प्रलोभन, कपटपूर्ण नीति व साधनों, अनुचित प्रभाव या मिथ्या निरूपण पर प्रभावी ढंग से रोक लगाना है।

■ छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल का गठन करने सत्र के दौरान लाया जाएगा विधेयक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित उनके प्रतिकक्ष में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट के द्वारा विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप-समिति द्वारा अनुशंसित 13 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 5 पर



### अनुदान दरों का निर्धारण

कैबिनेट द्वारा अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित संयंत्रों व परियोजनाओं के लिए अनुदान की दरों का निर्धारण किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई। क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट संयंत्र वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए का राज्य अनुदान तथा वर्ष 2026-27 एवं आगामी वर्षों के लिए निविदा दर का 30 प्रतिशत अथवा 1 लाख 50 हजार रूपए जो भी कम हो, प्रस्तावित किया गया है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### उपकर समाप्त

कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे पंजीयन पर चार्जेबल उपकर शुल्क समाप्त हो जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में राजीव गांधी मितान क्लब योजना के वित्त पोषण के सम्पत्ति के अंतरण पर चार्जेबल स्टाम्प शुल्क के अतिरिक्त 12 प्रतिशत की दर से उपकर अधिरोपित किया गया था। वर्तमान में राजीव गांधी मितान क्लब योजना संचालित नहीं है, इस कारण पंजीयन पर अतिरिक्त उपकर शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

***नई दिल्ली।*** *भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*




## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।



## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं।




## लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...




**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी।





# पुराणों में वर्णित अरपा नदी का महत्व

धार्मिक

डॉ. पुष्पा तिवारी



छत्तीसगढ़ में बहने वाली अति प्राचीन कृपा नदी जो वर्तमान में अरपा कहलाती है, बिलासपुर जिले से प्रवाहित होती है, तथा शिवनाथ नदी में समाहित होती है। पुराणों में इसे कृपा नदी कहा गया है जबकि वायु पुराण में कूपा कहा गया है। पुराणों में इस नदी का उदगम शुक्तीमत पर्वत से माना गया है। विद्वानों के अनुसार अरपा ही शिवनाथ की सहायक कृपा नदी है। बिलासपुर इस नदी के तट पर स्थित है एवं यह कर्रा नामक स्थान पर शिवनाथ में विलीन होती है। खारुन नदी दुर्ग के तांदुला नामक स्थान से उद्गमित रायपुर में प्रवाहित होती है तथा शिवनाथ में विलीन होती है। खारुन नदी का उदगम दुर्ग जिले के बालोद तहसील स्थित पटेचुआ नामक स्थान के पास चोरहा नाला के रूप में हुआ है। यह उत्तर में दुर्ग, रायपुर जिलों की सीमा बनाते हुए दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी में समाहित हो जाती है। पुराणों में इसे चित्रोत्पला कहा गया है। यह इस क्षेत्र की पावन नदी मानी गई है। वायु पुराण में इसे निलोत्पला कहा गया है। आगे सिहावा पर्वत श्रेणियों से पश्चिम में कांकेर होते हुए चारामा पहुंचती है। यह पूर्वाभिमुख होकर रायपुर - बिलासपुर जिलों की सीमा रेखाएं बनाते हुए ओडिशा प्रवेश कर आगे बंगाल की खाड़ी में विलीन हो जाती है। आगे इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी होने के कारण महानदी कहलाती है।

जनजाति विशेष

आचार्य मोतीरावण कंगाली

## गोंड समुदाय के शक्ति स्थलों में: कुंदरगढ़



छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले के सूरजपुर तहसील में कुंदरगढ़ है। यहां कोयावंशीय गोंड समुदाय के सगावेनों की जन्मदायिनी शक्ति वेनदाई का ठाना है। कुंदरगढ़ का प्राचीन नाम कोदाई गढ़ था, जिसका अर्थ कोयावंशीयों की दाई होता है। कोयावंशीय गोंड समुदाय के उन्दीवेन, रंडवेन, नालवेंन, सैवेन , सार्वेन, इरवेन, नर्वेन, पदवेन, पारूंदवेन, पारंदवेन, मुंदवेन और अरवेन ऐसे कुल बारह सगा घटक हैं। इन सगावेनों की दाई कोदाई है, इसलिए उसे वेनदाई कहा जाता है। वर्तमान में कुछ लोग उसे कुदरती दाई तो कुछ भगवती ड

दाई भी कहते हैं। कुंदरगढ़ पर्वत पर करीब दो किलोमीटर ऊंचाई चढ़ने पर वेनदाई का ठाना है। देवी के स्थान पर कोई मूर्ति नहीं है, वहां प्रकृतिदर्शी प्रतिमा का प्रादुर्भाव है। अनादि काल से आज तक उस देवी के पुजारी कोयावंशीय गोंड समुदाय के बैगाओ द्वारा होता आ रहा है। प्राचीन काल में इस देवी का ठाना पहाड़ी की चोटी पर था, जो समुद्र सतह से करीब चार हजार फीट ऊंचाई पर है, परंतु वहां चढ़ना मौत को दावत देने के बराबर है, इसलिए यह देवी अपने वनों को दर्शन देने पहाड़ के नीचे अवतरित हैं।

गांव की कहानी

डॉ. रामचन्द्र सिंहदेव

## भाइयों के योगदान को देखते हुए नाम मिला भैयाथान



17वीं शताब्दी में सरगुजा के महाराज राजधानी से बाहर प्रवास पर थे। उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठा कर कुछ विद्रोही सरदारों ने राजमहल को घेर लिया। रानी को जब पता लगा कि दो चौहान बंधु जोड़ा तालाब के पास डेरा डाले पड़े हैं तो उन्होंने राखी भेज कर दोनों भाइयों से सहायता का अनुरोध किया। दो भाई दलथंबन व धारामल साही ने तत्काल पहुंच कर बागी सरदारों को मार भगाया। इस संघर्ष में दोनों भाइयों को बड़ी संख्या में सैनिक क्षति का सामना करना पड़ा। कुछ समय पश्चात सरगुजा के महाराजा लौटे। अपनी अनुपस्थिति में रानी की रक्षा करने के उपलक्ष्य में उन्होंने दोनों भाई को धन्यवाद दिया और उन्हें भेंट में सरगुजा के पूर्वी भाग झिलमिली की जागीरदारी भेंट की। उन दिनों इस क्षेत्र का एक भाग बालंद शासकों के अधीन था। दोनों भाई रेण नदी के तट पर स्थित कसकेला ग्राम में बस गए। उन्होंने न केवल बालंद राजाओं को खदेड़ा, बल्कि सरगुजा राज्य के विरुद्ध निरंतर विद्रोह करने वालों का भी दमन किया। इस बात से प्रसन्न होकर महाराज अमर सिंह ने दोनों भाई को भैया खिताब से विभूषित किया तथा उनका निवास क्षेत्र भैयाथान के नाम से जाना जाता है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

पर्यटनः


डा पीसी लाल यादव

# प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व का स्थल मोटियारी घाट



खैरागढ़ - छुईखदान -गंडई जिला की प्रसिद्धि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के साथ-साथ यहां के पुरातात्विक स्थलों व प्राकृतिक स्थलों के करण भी है। इस जिले में जिन प्राकृतिक स्थलों के सौंदर्य का अवलोकन कर मन प्रसन्न हो जाता है, उनमें मोटियारी घाट-बंजारी माता की प्रमुखता है। मोटियारी घाट गंडई नर्मदा से बालाघाट मध्यप्रदेश राज्य मार्ग पर ग्राम मोहगांव के बाद प्रारंभ होता है। इसकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है।

ऊंचे - ऊंचे पहाड़ों को काटकर बनाई गई सर्पीली सड़क लोगों के मन में कौतूहल और रोमांच पैदा करती है। मोटियारी घाट में अनेक खतरनाक मोड़ हैं। एक ओर ऊंची चट्टानें और दूसरी ओर गहरी खाई तथा दोनों ओर प्रकृति का बिखरा अनुपम सौंदर्य यात्रियों को आनंद से भर देता है। ऊंचे - ऊंचे पेड़ों पर चहकती चिड़ियों और वन फूलों की गंध से मनन प्रसन्न हो जाता है।



मोटियारी घाट में राम गोलाई नंगारा डोंगरी के ऊपर बनी वॉच टावर से प्रकृति के सौंदर्य का अवलोकन किया जा सकता है। प्रकृति दर्शन से असीम सुख की प्राप्ति होती है। मोटियारी घाट के नामकरण पर स्थानीय लोगों का ऐसा कहना है कि पहले यह घाट दुर्गम और कठिन था। लोग केवल पैदल यात्रा करते थे , तब घाट चढ़ते समय किसी मोटियारी (युवती) की गिर कर मृत्यु हो गई थी। तब से इसे मोटियारी घाट कहा जाने लगा। घाट के पश्चिम छोर पर बंजारी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। इसलिए इसे बंजारी घाट भी कहा जाता है। बंजारी मंदिर में दुर्गा माता की सुंदर प्रतिमा स्थापित है। यहां पर चैत्र क्वांर माह में दोनों ही नवरात्र के समय ज्योति कलशों की स्थापना होती है। चूंकि यह राष्ट्रीय उद्यान कान्हा किसली जाने के मार्ग पर स्थित है। अतः यहां दर्शनार्थियों की हमेशा भीड़ लगी रहती है। बंजारी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। बंजारी माता व मोटियारी घाट रमणीय व दर्शनीय स्थल है। यहां काले व लाल मुंह के बंदर पाए जाते हैं,जो सावधान न रहने पर यात्रियों से प्रसाद आदि छीन लेते हैं।

आस्था : गौकरण मानिकपुरी

# वफादारी का प्रतीक कोरगांव का कुकुर मंदिर

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला अन्तर्गत मगरलोड जनपद क्षेत्र पैरी नदी तट पर ग्राम कोरगांव स्थित है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पहले इस इलाके में बंजारों की घुमंतु टोलियां परिवार सहित कमाने खाने के लिए गांव गांव जाकर तालाब खुदाई कार्य और अन्य कार्य करते थे। विकट परिस्थितियों से बचाव करने के लिए इन लोगों ने अपने कुते को किसी सेठ यहां गिरवी रखा गया। इस दौरान सेठ के यहां चोरी डकैती हो गया, जिसे कुत्ता होशियारी दिखाते हुए , चोरों को नहीं भोंका और चोरों के पीछे पीछे जाकर छिपाए हुए धन को देखकर घर वापस आ गया , फिर सुबह सेठ को चोरी जानकारी हुआ तब चोरों द्वारा छिपाए धन को उस कुत्ते ने दिखाया। जिससे खुश होकर सेठ ने बंजारा के नाम चिठ्ठी लिखकर कुत्ते के गले में बांधकर वापस भेज दिया,कि आपका कुत्ता वास्तव में वफादार और होशियार है, आपके द्वारा गिरवी रखे धन की भरपाई कर दिया है, इसलिए कुत्ते को आप लोगों को सौंप रहा हूं।

जब कुत्ता वापस अपने मालिक बंजारे के पास गया तो,बंजारा बेवफाई से भागकर आ रहा है समझ कर जान से मार दिया। फिर उसके गले में बंधा हुआ पत्र को पढ़कर बहुत पछताया।

और उसके स्मृति में मंदिर बनवाया और मूर्ति स्थापित किया। तब से यहां मंदिर स्थापित है। किन्तु जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिसका पुनः जीर्णोद्धार करना जरूरी है। बताने योग्य है कि मध्यप्रदेश के स्कूली पाठयक्रम में इस मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस इलाके से पहली बार गुजरने वाले जिज्ञासु लोग रुक कर गांव वालों से मंदिर के बारे में जानकारी लेते हैं और अपनी कुत्ते की वफादारी पर अपनी सहानुभूति अवश्य प्रकट करते हैं।



लोक साहित्य

डॉ. उर्मिला शुक्ल

## वैवाहिक रस्मों पर भांवर गीत में श्रृंगार का वर्णन

छत्तीसगढ़ में विवाह के अवसर पर फेरा लेते समय भांवर गीत गाया जाता है। इस गीत में राम और सीता के विवाह को आधार बनाकर वर और वधु के श्रृंगार और उनके सप्तपदी का वर्णन होता है। ज्ञातव्य है कि सप्तपदी या भांवर विवाह का वह चरण है जिसमें खुशी के साथ साथ कन्या के पराई होने का दुख भी शामिल हो जाता है, शायद इसीलिए यहां भांवर गीतों में गंभीरता देखने में आती है -

कामा उलीथे कारी बदरिया
कामा ले बरसे बूंद
सरग उलीथे कारी बदरिया
धरती मा बरसे बूंद
काकर भींजे नवरंग चुनरी
काकर भींजे उरमाल
सीता के भींजे नवरंग चुनरी
राम के भींजे उरमाल
कइसे के चिन्हेव सीता जानकी
कइसे चिन्हेव भगवान
कलसा बोहे चिन्हेव सीता जानकी
मुकुट खोचे भगवान।



कला जगत : डा परदेशी राम वर्मा



# लोक कला मंच के शुरुआती सर्जकों में दाऊ महासिंह चंद्राकर

दुर्ग जिले के रिसामा के मालगुजार परिवार में जन्में दाऊ महासिंह चंद्राकर का जन्म अरमरी ग्राम में 1919 को हुआ। बचपन से ही कला प्रेमी आपके तबला गुरु सरवन केवट तथा हारमोनियम के गुरु उस्ताद बाल कृष्ण रहे। कलाकारों को अपने बाड़े में ही रखकर कला साधना करते हुए आप रियाज करते रहे। 7 मार्च 74 को दाऊजी ने ओटेबंद में सोनहा बिहान का पहला मंचन किया। छत्तीसगढ़ के लोक मंच पर नए स्वर्ण विहान रूपी नए सूर्य के उदित होते ही सोनहा बिहान का आभास सबको हो गया। पहली प्रस्तुति ही रोमांचक सिद्ध हुई। दाऊ महासिंह चंद्राकर के साथ जुड़े अंचल के प्रख्यात साहित्यकार डा नरेंद्र देव वर्मा सुबह की तलाश प्रसिद्ध उपन्यास है। इसी उपन्यास पर आधार मानकर मंच का प्रदर्शन हुआ। सोनहा बिहान उनकी ऐसी प्रस्तुति रही जिससे छत्तीसगढ़ अंचल की परंपरा, सहजता, सेवा भावना और तमाम विशेषताओं को स्वर, कथा और नृत्य के माध्यम से सम्मोहक मंचीय संस्पर्श मिला। आपकी सुपुत्री ममता चंद्राकर आकाशवाणी रायपुर और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मुख्य पद को सुशोभित कर चुकी हैं। इस संस्था के अनेक कलाकारों को ऊंचाई मिली। बेहतर प्रदर्शन का दौर निरंतर जारी रहा। दाऊ महासिंह चंद्राकर जीवन पर्यंत कला साधना में लगे रहे। अंतिम सांस तक वे इनसे अलग नहीं हुए। उन्होंने 28 अगस्त 97 को भी दिन में तबला, ढोलक और हारमोनियम के साथ रियाज किया। उसी दिन उन्होंने गाते बजाते हुए महाप्रयाण किया।





## इगा ने मारिया को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर चौथे दौर में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स में लगातार छठी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची स्वियातेक, बनीं पहली महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं।



### हार के बाद मीरा ने खोया आपा तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर चिल्लाई

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया, जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, 'मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'

### मारिया का शानदार प्रदर्शन

मारिया साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी।

### राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं जेसिका

दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।



### कोवासेविक को हराकर जोकोविच पहुंचे चौथे दौर में

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी खिलाड़ी अलेक्जेंडर कोवासेविक के खिलाफ 6-4, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, इस मुकाबले के दौरान पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच को कोवासेविक ने कड़ी चुनौती जरूर दी, लेकिन जोकोविच ने दबाव में भी सूझबूझ का परिचय दिया। जोकोविच को इस हफ्ते लगातार दूसरे मैच में जीत के लिए तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कामिल माजचर्जाक के खिलाफ भी कड़ा मुकाबला जीतकर अभियान की शुरुआत की थी। मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में 113वीं बार प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर जोकोविच ने राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया और इस सूची में अकेले शीर्ष पर पहुंच गए। वह साल 2017 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा।

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे मैनचेस्टर सिटी-लिवरपूल

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा।

# टीम इंडिया पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने दी 131 करोड़ की पुरस्कार राशि

सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे 41 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है।




### 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 6-6 करोड़ रुपए

सूत्रों के अनुसार 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

### बीसीसीआई ने की कप्तान-कोच की तारीफ

बीसीसीआई के मुताबिक, कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार नेतृत्व में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निडर और जोशीला खेल दिखाया। धमाकेदार बल्लेबाजी, अनुशासनात्मक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण समेत टीम ने टी20 विश्व कप के सभी चरणों में निरंतरता बनाए रखी और सबसे मुश्किल पलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ की भी उनकी लीडरशिप, प्लानिंग और तैयारी के लिए तारीफ की। बोर्ड ने पुरुष चयन समिति की भी तारीफ की।

### एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर भारतीय टीम



**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई।

## नहीं टलेगा फुटबॉल विश्व कप स्थगित करना नहीं आसान : फीफा

एजेंसी ▶▶| डलास

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा, जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, 'अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।' उन्होंने कहा, ' हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'

### गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारुपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लगाया 15 प्रतिशत जुर्माना, मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है।

### राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप: नागर ने जीते दो गोल्ड मेडल

**हैदराबाद।** पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल : पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर मनु

**नई दिल्ली।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI**

NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 403,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (National Bidding)
Letter of Invitation (LOI) No.-26/2025-26
1st Call
e-Tender Ref No%&RCD/SID/AP/RAN/26/2025-26
Date:- 09.03.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of Detailed Project Report(D.P.R) for construction of Gola Bypass with approach road towards Rajrappa under road division Ramgarh including new proposal of culverts, bridges, ROBs, RUBs, complete Land acquisition plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation proposals , Forest Diversion proposal and Utility Shifting proposal in details etc under Ramgarh District in the State of Jharkhand.(total tentative length 12.00 Km) |
| 2 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 3 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be received through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20,000.00 (Twenty Thousand) only as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology& e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023. |
| 4 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 12.03.2026,10:30 AM |
| 6 | Last Date/Time of BidSubmission | 24.03.2026 12:00PM |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 24.03.2026 12:00PM |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 25.03.2026 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 11 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance PlanningRCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./- (Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi

PR.NO.374588 Road(25-26):D

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000
Website: www.csidc.in, Email address: cside_raipur@yahoo.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) (1st Call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

CSIDC/G&J/RFP/01 of 2026 — Raipur, dated 10/03/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State envisages to develop "Gems and Jewellery Park" at Raipur Chhattisgarh.

'Request for Proposal' (RFP) is for planning, designing, financing, construction, development, marketing, operation & maintenance of proposed "DEVELOPMENT OF GEMS & JEWELLERY PARK UNDER PUBLIC PRIVATE PARTNERSHIP (PPP) MODE AT KRISHI UPAJ MANDI CAMPUS RAIPUR (CHHATTISGARH)" on leasehold as is where is basis.

| Land | Area of Land (in Acre/SQM) | FAR/FSI Offered | Land use proposed |
|---|---|---|---|
| Krishi Upaj Mandi Campus, Mandi Road Pandari, Raipur | 9.616 Acres 38922 SQM (approx.) (Leasehold on as is where is basis) | 2.50 | Commercial (including Gems & Jewellery Park) |

The RFP document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 11/03/2026 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

Tenderer may contact to Cheif Engineer, CSIDC, (Mob. No. +91 99264-80284), Udyog Bhawan in working hours on working days to clear their doubts if any before online submission of the tender.

S-47148/2 — Cheif Engineer

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** Union Bank of India — A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

**अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपतियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **27/03/2026** समय (**प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अ) मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, पता यूनिट- 1:- 535-सी, उरला औद्योगिक क्षेत्र, रायपुर 2.(अ) निदेशकः संतोष वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, ब) दीपक वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, स) नितिन वाधवानी पुत्र कमल वाधवानी, द) सनी वाधवानी पुत्र कमल वाधवानी अ) गारंटरः रूपचंद वाधवानी पुत्र हुकुमत राय वाधवानी ब) हरीश वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, स) कमल वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी मेसर्स हुकुमतराय इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड। शाखाः समता कालोनी | 1. श्री कमल वाधवानी एवं श्री संतोष वाधवानी के नाम पर नगरपालिका भवन नं. जी/01/29 नया, भूखंड नं. जी-1, खं.6/5 (भाग) वर्तमान में ऑनलाइन म्यूटेशन के बाद भुइयां खं. 6/34, प.ह.नं. 110, गणेश मंदिर के सामने, अनुपम नगर कॉलोनी, शंकर नगर, सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 29, क्षेत्रफल 4000 वर्ग फीट (निर्मित क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट) में स्थित निर्माणाधीन भवन सहित आवासीय भूखंड का साम्यिक बंधक। 2. मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर प्लॉट नं. 535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी, क्षेत्रफल- 10.15 एकड़ (442134 वर्ग फीट) औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला- रायपुर, महामाया इस्पात के बाजू स्थित प्लांट व मशीनरी। (यह प्लांट व मशीनरी इस भूमि पर स्थित है) 3. मौजा- उरला (औद्योगिक क्षेत्र उरला रायपुर) खसरा नं. 616 (भाग), 617 (भाग), 630 (भाग), 631 (भाग), 632 (भाग), प्लॉट नं. 535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी, भूमि का कुल क्षेत्रफल- 10.15 एकड़ या 442134 वर्गफीट ,प.ह.नं. 101/19, आरएनएम- धरसीवां-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़-491445, भारत. | UBI ₹ 38,78,07,177.65 + 01.02.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क; Federal Bank ₹ 22,63,21,280.68 + लागू ब्याज; कुल मांग राशि ₹ 61,41,28,458.00 | A: ₹ 225.00 Lakh, ₹ 22.50 Lakh, ₹ 2.50 Lakh; B Plant and Machinery: ₹ 1728.00 Lakh, ₹ 172.80 Lakh, ₹ 18.00 Lakh; C Land and Building: ₹ 1602.00 Lakh, ₹ 160.20 Lakh, ₹ 16.00 Lakh; Total- B + C: ₹ 3330.00 Lakh, ₹ 333.00 Lakh, ₹ 34.00 Lakh |
| 02 | भोलानाथ शिट रीना शिट शाखा-रिसाली | स्वामित्वः रीना शिट, प्लॉट नं. 27, शिव मंदिर के पीछे, दया नगर, प्रगति नगर, रिसाली, वार्ड नं. 61, भिलाई, जिला- दुर्ग। क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट में स्थित एक तीन मंजिला आवासीय भवन। | ₹ 25,57,342.67 + 31.07.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 19.00 लाख, ₹ 1.90 लाख, ₹ 0.30 लाख |
| 03 | श्री ब्रज भूषण पैंकरा, श्रीमती सुनीता पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर | मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 9/8 का ईडब्ल्यूएस। | ₹ 4,51,556.82 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 6.00 लाख, ₹ 0.60 लाख, ₹ 0.06 लाख |
| 04 | श्रीमती सुनीता पैंकरा, श्री ब्रज भूषण पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर | मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 10/6 का ईडब्ल्यूएस। | ₹ 4,52,139.09 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 6.00 लाख, ₹ 0.60 लाख, ₹ 0.06 लाख |

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।

ई-नीलामी की तिथि व समयः 27/03/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **श्री जीतेंद्र नायक/मो.- 7250567881, क्र. 02 के लिए: श्री वी.के. मोहन/ मोबा. 6380747942, नं. 03, व 04: श्री गौरव मिश्रा/ मोबा. 7800002186.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 10.03.2026, — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया





# 194 साल का हुआ जोनाथन, इसने देखे हैं दो विश्व युद्ध और 40 अमेरिकी राष्ट्रपति!

**न्यूयार्क।** इंसान की औसत उम्र 70-80 साल होती है। लेकिन, दुनिया में आपने इंसानों से लंबी उम्र की बातें तो अक्सर सुनी ही होंगी। हर कोई चाहता है कि वह ज्यादा से ज्यादा साल तक जीवित रहे। लेकिन. क्या आप जानते हैं कि इस धरती पर एक ऐसा भी जीव है जो 194 साल का हो चुका है। उसका जन्म 1832 में हुआ था और आज 2026 तक वह जीवित है। उसका नाम जोनाथन है और वह एक कछुआ है। यह न केवल दुनिया का सबसे उम्रदराज कछुआ है, बल्कि धरती पर जीवित सबसे पुराना थल जीव भी है। यह दक्षिण अटलांटिक महासागर के एक छोटे से द्वीप सेंट हेलेना में रहता है।

### 194 साल की उम्र में कैसा है जोनाथन?

बढ़ती उम्र का असर जोनाथन पर भी पड़ रहा है, लेकिन वह आज भी काफी फुर्तीला लगता है। मोतियाबिंद के कारण जोनाथन अब देख नहीं सकता और उसकी सूंघने की शक्ति भी खत्म हो चुकी है। हालांकि, जोनाथन की सुनने की शक्ति आज भी कमाल की है। वह अपने देखभाल करने वाले की आवाज पहचान लेता है। उसे अब भी फल और सब्जियां खाना बहुत पसंद है। उसके लिए खास तौर पर विटामिन से भरपूर डाइट तैयार की जाती है।



### जोनाथन की लंबी उम्र का राज?

वैज्ञानिकों का मानना है कि जोनाथन की लंबी उम्र के पीछे उसकी प्रजाति के धीमे मेटाबॉलिज्म और सेंट हेलेना के शांत वातावरण का बड़ा हाथ है। कछुओं की यह प्रजाति तनावमुक्त जीवन जीती है और उनकी कोशिकाएं बहुत धीरे-धीरे बूढ़ी होती हैं। जिस दुनिया में सब कुछ इतनी तेजी से बदल रहा है, वहां जोनाथन का शांत भाव से घास चरना हमें सिखाता है कि जीवन की असली खूबसूरती ठहरने और जीने में है।

### कई पीढ़ियों को गुजरते देखा


इतनी लंबी उम्र के कारण इस कछुए ने अनगिनत पीढ़ियों को आते-जाते देखा है। जिस समय इसका जन्म हुआ था, उस दौर में बहुत सी चीजें आज की दुनिया से बिल्कुल अलग थीं। समय के साथ दुनिया बदलती गई, लेकिन यह कछुआ धीरे-धीरे अपनी जिंदगी जीता रहा।

### 19वीं सदी में हुआ था जन्म

माना जाता है कि इस कछुए का जन्म 19वीं सदी की शुरुआत में हुआ था। उस समय दुनिया में न मॉडर्न टेक्नोलॉजी थी और न ही आज जैसी तेज रफ्तार जिंदगी। जब यह कछुआ पैदा हुआ था तब दुनिया बिल्कुल अलग थी। तब से लेकर आज तक यह जीव कई ऐतिहासिक बदलावों का गवाह बन चुका है। जोनाथन के जीवनकाल में दुनिया ने बहुत कुछ देखा है, जिसमें दो विश्व युद्ध, रूसी क्रांति, चंद्रमा पर इंसान का पहला कदम और इंटरनेट का जन्म शामिल हैं। यहां तक कि उसने सेंट हेलेना के 30 से ज्यादा गवर्नरों का कार्यकाल भी देख रखा है।

## रोचक खबरें

### शादी के दबाव से परेशान महिला ने मुंडवा लिया सिर



**नई दिल्ली।** आज के दौर में सोशल मीडिया सिर्फ मनोरंजन का प्लेटफॉर्म नहीं रहा, बल्कि यहां कई ऐसी कहानियां भी सामने आती हैं जो समाज को आईना दिखाने का काम करती हैं। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला ने शादी के लगातार बढ़ते दबाव से तंग आकर अपना सिर मुंडवा लिया. इस अनोखे फैसले ने लोगों को हैरान भी किया है और सोचने पर भी मजबूर कर दिया है। वीडियो में महिला बताती हैं कि उन्हें अपने लंबे बाल बहुत पसंद थे, लेकिन परिवार और समाज की तरफ से बार-बार शादी की बात की जा रही थी। लगातार मिल रहे इस दबाव की वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थीं। आखिरकार उन्होंने एक ऐसा कदम उठाने का फैसला किया, जिससे साफ संदेश जा सके कि वह अभी शादी के लिए तैयार नहीं हैं। वीडियो में महिला अपना मुंडा हुआ सिर दिखाते हुए कहती हैं कि यह फैसला लेना उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। वह अपने बालों से बहुत प्यार करती थीं, लेकिन अपनी जिंदगी के फैसले खुद लेने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया। उनका कहना है कि अगर कोई व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करना चाहता है, तो उसे समाज के दबाव से ऊपर उठकर फैसले लेने पड़ते हैं। महिला ने समाज में मौजूद दोहरे मापदंड पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि अगर कोई पुरुष अपनी पसंद से बाल कटवा ले या जिंदगी का फैसला ले तो लोग उसे सामान्य मानते हैं। लेकिन, जब कोई महिला ऐसा करती है तो लोग उसे अजीब नजरों से देखने लगते हैं और तरह-तरह की बातें करते हैं। वीडियो में वह यह भी पूछती नजर आती हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि लोग उन्हें घूर रहे हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने का पूरा अधिकार होना चाहिए। उन्होंने वीडियो में एक मजबूत संदेश भी दिया।

# समंदर से मीठा पानी मिलेगा और बिजली भी

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग की वजह से जहां पूरी दुनिया में उथल-पुथल महसूस की जा रही है। वहीं, भारत तरक्की की राह में अपने कदम मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। वह लक्षद्वीप में पीने के पानी और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक समुद्री तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। सरकार के इस प्रयास से टूरिज्म और समुद्री इलाकों में विकास की गति तेज होना तय माना जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लक्षद्वीप द्वीप समूह में कुल 36 द्वीप हैं। ये सभी द्वीप चारों ओर अरब सागर के पानी से घिरे हुए हैं। इसके बावजूद वहां के लोगों को लंबे समय से मीठे पानी की कमी का सामना करना पड़ता रहा है।

### समुद्री पानी को मीठा बना रहा भारत



मंत्री ने बताया कि इस समस्या के निराकरण के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने कई द्वीपों पर लो-टेम्परेचर थर्मल डिसैलिनेशन प्लांट स्थापित किए हैं। यह तकनीक अरब सागर की सतह के गर्म पानी और गहरे समुद्र के ठंडे पानी के बीच प्राकृतिक तापमान अंतर का उपयोग करती है। जिससे समुद्री पानी को पीने योग्य ताजा पानी में बदल दिया जाता है।

## इस नई तकनीक से अपने द्वीपों की किस्मत बदलने जा रहा भारत



### कैसे काम करती है ये प्रक्रिया?

मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया में सतह से गर्म पानी संयंत्र तक लाया जाता है। वहीं, ठंडा पानी महासागर की गहराई से निकाला जाता है। इसके बाद नियंत्रित परिस्थितियों में उन्हें मिलाया जाता है। वाष्पीकरण और संघनन होता है। ऐसा करने से नमक-मुक्त मीठा जल हासिल हो जाता है। मंत्री ने बताया कि इस तरह का पहला ऐसा संयंत्र कवरत्ती में लगाया गया. इसके बाद मिनिकॉय, अगत्ती, अमिनी, कल्पेनी, कदमत, चेतलट और किल्टन समेत बाकी द्वीपों पर भी ये सुविधाएं स्थापित की गईं. मौजूदा समय में 8 द्वीपों पर इस तरह के वाटर प्लांट काम कर रहे हैं। वहीं, 2 अन्य द्वीपों पर उन्हें लगाने का काम चल रहा है। इस तरह का प्रत्येक प्लांट रोजाना एक लाख लीटर साफ पानी बनाता है। जिससे अब द्वीपवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक हल हुई है। वे लोग पहले बारिश और सीमित रूप से उपलब्ध भूजल पर ही निर्भर थे।

### कवरत्ती में बनेगा दुनिया का पहला एकीकृत प्लांट

मंत्री ने भावी प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि कवरत्ती में एक स्पेशल प्लांट लगाया जा रहा है। इस प्लांट में ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद महासागर की सतह से लगभग 1000 मीटर नीचे से ठंडा पानी निकालकर उसे गर्म सतही पानी के साथ मिलाया जाएगा ऐसा करने से न केवल साफ पानी उपलब्ध होगा बल्कि बिजली भी उत्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि यह दुनिया का पहला ऐसा एकीकृत प्लांट होगा, जो महासागर के पानी से बिजली और पीने योग्य पानी दोनों बनाएगा। बताते चलें कि लक्षद्वीप में अभी तक बिजली का अपना कोई सोर्स नहीं बन पाया है। वह मुख्य भूमि से लाए डीजल पर निर्भर रहता है। साथ ही सोलर सिस्टम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में नया एकीकृत सिस्टम डीजल पर निर्भरता कम करके स्वच्छ और निरंतर ऊर्जा उपलब्ध कराएगा।

### 15 साल बाद खुली किस्मत, भारतीय ड्राइवर ने जीती 10 करोड़ की लॉटरी

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और ये बात यूएई में ड्राइविंग का काम कर रहे एक भारतीय शख्स पर बिल्कुल फिट बैठती है। वो पिछले 15 साल से लॉटरी के टिकट खरीद रहा था, लेकिन उसकी किस्मत साथ नहीं दे रही थी, पर अब उसने एक ही झटके में 10 करोड़ रुपए जीत लिए हैं। दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो लगभग हर दिन लॉटरी के टिकट खरीदते हैं, इस उम्मीद में कि किसी न किसी दिन तो उनकी किस्मत बदलेगी और कुछ लोगों की सच में बदल भी जाती है। ऐसे ही एक शख्स की कहानी इन दिनों काफी चर्चा में है। दरअसल, यूएई के शारजाह में रहने वाले भारतीय पिकअप ड्राइवर विबीश पल्लियाली पिछले 15 सालों से हर महीने लॉटरी का टिकट खरीद रहे थे और अब जाकर उनकी किस्मत ने उनका साथ दिया है। विबीश ने 15 मिलियन दिरहम का बड़ा इनाम जीता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विबीश एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के लिए काम कर रहे थे जब उन्हें एक फोन आया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी और उन्हें बंपर इनाम के जीत की खबर दी। हालांकि, विबीश अकेले इस इनामी राशि के विजेता नहीं हैं, बल्कि इस जीत में तीन और लोग भी शामिल हैं। ऐसे में विबीश को लगभग 10 करोड़ रुपए (4 मिलियन दिरहम) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जिसका इस्तेमाल वो भारत लौटकर यहीं पर कुछ दूसरा काम करने के लिए करेंगे। विबीश ने कहा, 'मैंने 7 फरवरी को भारत यात्रा के दौरान 1,000 दिरहम में टिकटों का एक सेट पहले ही खरीद लिया था। 28 फरवरी को मेरे चचेरे भाई और उसके दो दोस्तों ने मुझे फोन करके अपने साथ टिकट ले जाने के लिए कहा। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि मैंने इस महीने का अपना बजट पहले ही खर्च कर दिया है, लेकिन वो मुझसे विनती करते रहे। मैंने उन्हें निराश न करने के लिए टिकट ले लिया।



# कॉफिन बॉक्स के अंदर लेटकर मेडिटेशन कर रहे जापानी लोग

**टोक्यो।** जापान में आजकल एक बड़ी ही अजीबोगरीब प्रथा चलन में है। यहां के लोग सुकून के लिए ताबूत के अंदर लेटकर ध्यान कर रहे हैं। ताबूत बनाने वाले लोगों का कहना है कि इस प्रकार का ध्यान उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है जो अपने मन को शांत करने के लिए अकेले समय बिताना चाहते हैं।

आमतौर पर कॉफिन बॉक्स यानी ताबूत के अंदर मरे हुए लोगों को ही रखा जाता है और फिर उन्हें दफना दिया जाता है, लेकिन जापान में इन दिनों लोग एक बड़ी ही अजीबोगरीब प्रथा को फॉलो कर रहे हैं, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। दरअसल, जापान के चिबा प्रांत में एक अंतिम संस्कार गृह (फ्यूनरल होम) द्वारा शुरू की गई ये अनोखी प्रथा अब जापान के शांति चाहने वाले लोगों के बीच एक चलन में बदल गई है। इसे ताबूत के अंदर ध्यान करने की प्रथा कहा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि ये लोगों को अपनी मौत के बारे में सोचने या बस खुद को तरोताजा करने के लिए एक सुरक्षित, लेकिन कुछ हद तक घुटन भरी जगह है।



रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के युवाओं में आत्महत्या की दर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ ही शवों को ताबूत में लिटाने की प्रथा भी बढ़ गई है , जिससे लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे क्रिएटिव तरीके अपनाने पड़ रहे हैं। ये अनोखा बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन का कहना है कि इस प्रकार का ध्यान उन लोगों के लिए उपयोगी है जो अपने मन को शांत करने के लिए अकेले समय बिताना चाहते हैं।

### मार्केट में डिजाइनर ताबूत भी उपलब्ध

जापान में ये चलन अब आधिकारिक तौर पर इतना बड़ा हो गया है कि अलग-अलग व्यक्तित्वों के अनुसार ताबूतों के अलग-अलग विकल्प भी मार्केट में उपलब्ध हैं। अगर किसी को एक साधारण सा लकड़ी का बॉक्स दिमाग को शांत नहीं करता है, तो हो सकता है कि उसे टोक्यो के हाल ही में खुले स्पा, मीसो कुकान कानोके-इन में मौजूद 'खूबसूरत ताबूत' अधिक सुकून देने वाले लगें। दावा किया जा रहा है कि ग्रेव टोक्यो नामक कंपनी द्वारा डिजाइन किए गए और रंग-बिरंगे ढंग से सजाए गए ये ताबूत लोगों को सुकून देने का काम कर रहे हैं।







# कर्नाटक की वो नदी, जिसके पत्थरों पर बसे हैं हजारों शिव

**बेंगलुरू।** भारत में नदियां सिर्फ पानी का सोर्स नहीं होतीं, बल्कि आस्था, इतिहास और संस्कृति की भी कैरियर मानी जाती हैं। देश की कई नदियों से जुड़ी कहानियां और परंपराएं सदियों पुरानी हैं। ऐसी ही नदियों में से एक है कर्नाटक की शाल्मला नदी, जिसके बीचों बीच मौजूद सहस्त्रलिंग एक बेहद अनोखा और पवित्र स्थल है। यहां नदी के पत्थरों और तल में हजारों शिवलिंग उकेरे गए हैं। जो पहली नजर में ही लोगों को हैरान कर देते हैं। जब नदी का पानी कम होता है।



### इतिहास और आस्था का अनोखा संगम

माना जाता है कि सहस्रलिंग की ये नक्काशी 17वीं और 18वीं शताब्दी में केलाड़ी नायक वंश के शासनकाल में करवाई गई थी। राजा सदाशिवराय और उनकी रानियों ने भगवान शिव की भक्ति में इन शिवलिंगों को बनवाया था।

### नदी में उकेरे गए हजारों शिवलिंग

सहस्रलिंग का मतलब ही होता है हजार शिवलिंग। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में सिरसी के पास बहने वाली शाल्मला नदी के किनारों और तल पर हजारों की संख्या में शिवलिंग पत्थरों पर उकेरे गए हैं। कई शिवलिंग के सामने नंदी बैल की आकृतियां भी बनाई गई हैं। जो भगवान शिव के वाहन माने जाते हैं। इन सभी उकेरी गई आकृतियों को देखकर ऐसा लगता है जैसे पूरी नदी को ही एक विशाल मंदिर में बदल दिया गया हो। जब बरसात के मौसम में नदी का वॉटरलेवल बढ़ जाता है तो ये शिवलिंग पानी के नीचे छिप जाते हैं। लेकिन, गर्मियों या सूखे मौसम में पानी घटते ही ये सभी आकृतियां फिर से दिखाई देने लगती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com